तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 18 मई 2024

10 नारा लेखन प्रतियोगिता में अंजलि ने मारी बाजी

10 समारोह में छात्रों को नगद राशि देकर किया सम्मानित

खबर संक्षेप

युवक का अपहरण करके बेरहमी से पीटा, केस दर्ज

जींद। रंजिश के चलते गांव बुढ़ाखेड़ा लाठर खेतों में निर्माणाधीन मकान में सोए युवक का कुछ यवकों ने अपहरण कर लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई की। बाद में आरोपित घायल युवक को जुलाना छोड़ कर फरार हो गए। जुलाना थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर नौ युवकों को नामजद कर आठ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पिकअप गाड़ी की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्राली चालक घायल

कैथल। तितरम मोड़ पर अज्ञात पिकअप गाड़ी चालक ने एक ट्रैक्टर-ट्राली चालक को टक्कर मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव देवबन निवासी हरेंद्र ने तितरम थाना में शिकायत दी कि 15 मई को शाम के समय वह ट्रैक्टर-ट्राली में तितरम मोड़ से जा रहा था। वहां पर अज्ञात पिकअप गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी।

बाइक सवार दो युवकों ने हमला कर किया घायल

जींद। पुराना बस अड्डे नरवाना पर बाइक सवार दो युवकों ने एक व्यक्ति पर हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना नरवाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रेम नगर निवासी दीपक ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह कार्यवश पुराना बस अड्डे पर गया था।

मकान का ताला तोड़कर हजारों की नकदी चुराई

कैथल। जिले के गांव गोबिंदपुरा में चोर मकान से 20 हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी रजवंत कौर ने सीवन थाना में शिकायत दी कि 14 मई को रात के समय अज्ञात आरोपी उनके मकान का ताला तोडकर 20 हजार रुपये चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी नायब सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजा घायल

जींद। गोहाना रोड पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा व भतीजा घायल हो गए। सिविल लाइन थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बराहखुर्द निवासी थंभुराम ने शिकायत में बताया कि बीती शाम वह भतीजे के साथ बाइक पर सवार होकर पुरानी हांसी रोड से घर जा रहा था।

मोटरसाइकिल चोरी मामले में आरोपी काबू

कैथल। दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते बाइक चोरी मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एचसी रामेहर की टीम ने गांव बोपर जिला संगरूर पंजाब निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अर्जुन नगर निवासी विक्रम की शिकायत कश्यप धर्मशाला कैथल के पास से उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया था।

दो अधिवक्ताओं पर हमला, मामला दर्ज

जींद। कुंदन सिनेमा के निकट सड़क के बीच खड़ी गाड़ी को हटाने की कहने पर गाड़ी चालक तथा उसके दोस्तों ने दो अधिवक्ताओं पर हमला कर घायल कर दिया। घायल अधिवक्ता की शिकायत पर शहर थाना पुलिस ने दो लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

बैंक से धोखाधड़ी मामले में संलिप्त आरोपी दबोचा

कैथल। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक चीका से लाखों रुपये की धोखाधड़ी मामले की जांच थाना चीका पुलिस के पीएसआई संदीप कुमार की टीम द्वारा करते आरोपी वार्ड नंबर 11 गुहला निवासी दलविंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

पारा पहुंचा 44 डिग्री, लू से बचाव को लेकर एडलवाइजरी जारी

सूर्य ने उगली आग, 16 किमी प्रति घंटा की स्पीड से चली गर्म हवाएं

आगामी तीन दिन तक पारा 44 डिग्री तक रहेगा और हीट वेव रहेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लगातार सूर्य देवता के आग उगलने तथा 16 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से चली हवा के गर्म थपेडों ने शुक्रवार को लोगों को घरों में दुबकने को मजबूर कर दिया है। वीवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री व न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 16 प्रतिशत व हवा की गति 16 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। दिनभर चली गरम हवाओं ने आमजन को बेहाल करके रख दिया। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि तेज धूप में घर से बाहर न निकलें और ज्यादा से ज्यादा स्वच्छ पेय पदार्थों का प्रयोग करें। मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आगामी तीन दिन तक पारा 44 डिग्री तक रहेगा और हीट वेव रहेगी। शुक्रवार को दिन निकलने के साथ ही सूर्य देवता ने आग उगलनी शुरु कर दी थी। सुबह नौ बजे ही तापमान 32 डिग्री पर जा पहुंचा था। दोपहर 12 बजे तापमान 40 डिग्री पर पहुंच गया था। हवा की गति सुबह के समय नौ किलोमीटर प्रति घंटा तो दोपहर को 13 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा पहुंची। दोपहर बाद अढाई बजे तापमान 44 डिग्री पार भी पहुंच गया। हवा का मिजाज भी काफी गर्म हो गया, जिसके चलते सड़कें व बाजार सुनसान दिखाई दिए और दिनचर्या भी प्रभावित हुई। गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने जारी की एडवाइजरीः गर्मी व लू से बचाव को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी कर दी है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि गर्मी के मौसम में हवा के गर्म थपेड़ों और बढ़े हुए तापमान से लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर 'यादा रहता है।

लगने पर उसके इलाज से बेहतर है हम लू से बचे रहें। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसकी सभी को पालना करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखनी है। डीसी ने आमजन से आह्वान किया कि लू से बचाव के लिए स्थानीय मौसम संबंधी समाचारों को अवश्य सुनें। गर्मी में हलके रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, अपना सिर ढक कर रखें, कपड़े, हैट अथवा छतरी का उपयोग करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, भले ही प्यास न लगी हो। बच्चों को वाहनों में छोड़ कर न जाएं उन्हें लू लगने का खतरा हो सकता है। नंगे पांव बाहर न जाएं। खेत खलीहान में काम कर रहे हैं तो समय-समय पर पेड़ या छाया में ही आसरा लें। खासतौर से दोपहर 12 बजे से सायं चार बजे के बीच धूप में सीधे न जाएं। डीसी ने बताया कि जानवरों को छाया में रखें और उन्हें पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी दें।

चिकित्सकों की सलाह : तेज धूप में बच्चे व वृद्ध घरों से बाहर न निकलें

जींद। दोपहर के समय गोहाना रोड पर मुंह ढांप कर गुजरते युवा। फोटो :हरिभूमि

गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन करने से बचें: डा. राजेश

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि तापमान 44 डिग्री के आसपास रह रहा है। लोगों को चाहिए कि वे धूप में बाहर निकलने से बचें, विशेषकर बच्चे व बुजुर्ग। 'यादा से 'यादा स्वच्छ पेय पदाथार्े का प्रयोग करें। सूर्य की सीधी किरणों से बचें, जरूरी होने पर बाहर निकलते समय अपने शरीर को कपडे या छाता लेकर निकलें। गर्मी के मौसम में जंक फूड का सेवन न करें। ताजे फल, सलाद तथा घर में बना खाना खाएं।

विकलांगों और बुजुर्गों की बैलेट से वोट डलवाने पहुंची टीम का विरोध

- बिना सील लगाए बॉक्स में डलवाई जा रही थी वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

चुनाव आयोग के द्वारा सही चुनाव करवाने को लेकर नए नियम व कायदे कानून शुरू किए गए हैं। इनको धरातल पर अमल में लाने के लिए टीम शुक्रवार को गांव में उतरी और विकलांग व बुजुर्गों के पोस्टल वोट कलेक्ट करने के लिए कैथल के कुतुबपुर गांव में पहुंचे थे। वहां पर गांव में टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा गया। मौके पर एक राजनीतिक पार्टी के नेता भी पहुंचे। दरअसल मामला ये था की बुजुर्गों व विकलांगों के लिए एक नई पहल चुनाव आयोग ने शुरू की थी। इसका मकसद हर घर से विकलांग व बुजुर्गों की वोट कलेक्ट करना था। इसके लिए एक टीम आज कैथल के कई गांव में जानी थी लेकिन पहले ही गांव में लोगों ने इस बात को लेकर विरोध जता दिया के जिस पेटी में वोट इकट्ठे किए जा रहे हैं उसमें सील नहीं लगी थी इसी बात को लेकर गांव वाले इकट्ठा हुए और बवाल इतना हुआ कि आम आदमी पार्टी के नेता व कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और इस पर कड़ा विरोध जताया और साफ तौर पर कहा कि अगर बॉक्स पर सील नहीं होगी तो गड़बड़ होने की संभावनाएं बनी रहती हैं। वहीं मौके पर पहुंचे सरपंच प्रतिनिधि रणधीर सिंह ने भी इस कार्यवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि कम से कम जनप्रतिनिधियों को तो इस बारे में पहले सूचित करना चाहिए। इस तरह से चुपचाप आना कहीं न कहीं गड़बड़ होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

कैथल। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुशील कुमार जानकारी देते तथा बिना सील का बाक्स।

आयोग के आदेश अनुसार आगामी प्रक्रिया की जाएगी

वहीं सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुशील कुमार ने कहा कि बेल्ट पेपर का कार्य चुनाव आयोग के दिशानिर्देश अनुसार करवाया जा रहा है। ये पहली बार हो रहा है। मतदाता पार्टी द्वारा बेल्ट पेपर एकत्रित किए जा रहे हैं। कुतुबपुर गांव से शिकायत मिली है। इसे लेकर चुनाव आयोग से बातचीत करके जो उपर से आदेश होगा, उसी अनुसार आगामी प्रक्रिया की जाएगी।

जिले में विकलांग और बुजुर्गों के 20 हजार वोट

बता दें कि चुनाव आयोग की जिस पालिसी के तहत शुक्रवार व शनिवार को 85 साल से अधिक आयु के बुजुर्ग और विकलांगों के बेल्ट पेपर पर मतदान करवाया जा रह है तो जिले में ऐसे करीब 20 हजार मतदाता हैं। ऐसे में बेल्ट पेपर व बाक्स के बिना सील होने के कारण इन मतों में गड़बड़ होने का अंदेशा जा रहा है।

होटल की सीलिंग में आग से मचा हा-हाकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शुक्रवार सायं करीब 6 बजे कैथल के पदमा सिटी मॉल के तीसरी मंजिल पर विलेज वैजीटियन होटल की सीलिंग में आग लगने से हा-हाकार मच गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलते ही थाना शहर, थाना सदर पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही समय में दमकल विभाग की गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गई। आग तीसरी मंजिल पर होने तथा आग के कारण धुआं फेलने के कारण दमकल कर्मचारियों को आग बुझाने में कडी मशक्की करनी पड़ी। बता दें कि पदमा सिटी मॉल छह मंजिला होने के कारण यहां प्रसिद्ध शो-रूम व कई सेंटर चलाए जा रहे हैं। जैसे ही तीसरी मंजिल की सीलिंग से धुआं निकलते दिखाई दिया तो तुरंत प्रभाव से पूरा मॉल खाली करवा दिया गया। आग को देखते मेन मार्ग पर भारी भीड़ जमा हो गई। समाचार लिखे जाने तक दमकल विभाग के कर्मचारी आगजनी पर काबू पाने में जुटे थे। होटल के मैनेजर पवन ने बताया कि उन्हें जैसे ही होटल की सिलिंग से धुआं उठते दिखाई दिया तो तुरंत होटल को खाली करवा दिया गया तथा इसकी सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी गई। देखते ही देखते ही धुआं फैंलने लगा तो पूरे मॉल को खाली करवा दिया गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची तथा आग बुझाने में जुट गई। आग अधिक ऊंचाई पर तथा होटल की सीलिंग में होने के कारण आग बुझाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं दूसरी ओर मॉल में लगी आग को देखने के लिए मुख्य मार्ग पर शहरवासियों का तांता लग गया। ऐसे में पुलिस को मोर्चा संभालना पड़ा। देर सायं तक ही आग पर काबू पाया गया। आगजनी से लाखों रुपये का नुकसान बताया जा रह है।

होटल में लगी आग।

पेयजल किल्लत पर रेलवे रोड किया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत रेलवे रोड पर शुक्रवार को पेयजल संकट को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन हुआ।भड़के लोगों ने हरियाणा को पंजाब से जोड़ने वाले रेलवे रोड पर डेरा जमाते रोड जाम कर दिया। प्रदर्शन में शामिल महिलाओं, बच्चों और बड़े- बुजुर्गों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इनका आरोप था कि सुभाष नगर, मैन बाजार, इंदिरा कॉलोनी, कुलवंत नगर और नगर के अन्य हिस्सों में पिछले काफी समय से पेयजल संकट है। गर्मी के मौसम में इस प्रकार पेयजल समस्या से लोग बेहाल हैं। पानी की बूंद-बूंद के लिए वे तरस रहे हैं। इससे पहले महिलाओं ने आवासीय क्षेत्र में मिट्टी के खाली मटकों के साथ रोष मार्च किया। आधा घंटा चले प्रदर्शन को लेकर जनस्वास्थ्य भी हरकत में आ गया।तत्काल प्रभाव से टीमों को पेयजल समस्या के निवारण के लिए फील्ड में रवाना किया गया। रेलवे रोड पर पेयजल संकट को लेकर लगाए गए जाम के दौरान मुख्य मार्ग पर आवाजाही काफी समय प्रभावित रही। जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामनिवास के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। सड़क पर लकड़ी की बल्लियों, खाली ड्रम और अन्य टूटे - फूटे सामान के साथ जाम लगाया। महिलाएं सड़क के बीचो-बीच कुर्सी जमा कर बैठ गई। वे लगातार मांग कर रही थी कि जब तक साफ जल को लेकर विभाग कार्रवाई नहीं करता उनका डेरा यहां जारी रहेगा। इस दौरान निजी बस के साथ-साथ अन्य वाहन पुलिस स्टेशन के पीछे से आवासीय गलियों से होकर निकले। बस के परिचालक व्यवस्था बनाते दिखे।

कलायत। रेलवे रोड पर रोष जताती महिलाएं।

हल के लिए निरंतर प्रयास जारी

कलायत जन स्वास्थ्य विभाग के उप मंडल अभियंता इंद्राज पंवार ने बताया कि पेयजल समस्या के निवारण को लेकर निरंतर अभियान जारी है। प्रदर्शनकारियों को स्वच्छ जल का आश्वासन दिया गया है। इस भरोसे पर लोगों ने कलायत रेलवे रोड से तत्काल प्रभाव से जाम हटा लिया। एसडीओ ने कहा कि पेयजल सप्लाई और सीवरेज से संबंधित समस्याओं को लेकर गठित कमेटी गतिशील है।

हादसे में घायल दो मजदूरों ने पीजीआई में तोड़ा दम

तेज रफ्तार कार ने मारी थी ऑटो को टक्कर, चार का चल रहा इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना बाईपास पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए ऑटो में बैठे छह मजदूरों में से दो मजदूरों की पीजीआई रोहतक में शुक्रवार को मौत हो गई। जुलाना थाना पुलिस ने मृतक के साथी घायल मजदूर की शिकायत पर फरार कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गतौली निवासी सतीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने ठेकेदार से नेशनल हाइवे 352डी पर पट्टी लगाने का कार्य लिया हुआ है। गत दिवस वह अपने साथी ढाणाखुर्द निवासी सन्नी, दीक्षांत, भैणी जाटान निवासी साहिल, भैणी ठकरान निवासी विकास, गतौली निवासी सुनील के कार्य करने बाद सभी ऑटो में बैठ कर खाना खा रहे थे। उसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उनकी ऑटो को टक्कर मार दी। जिसमें ऑटो में बैठे सभी छह मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद कार भी सर्विस लाइन पर जा गिरी। राहगीरों ने उन्हें जुलाना सीएचसी पहुंचाया जहां से सभी को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। जहां शुक्रवार को गांव ढाणाखुर्द निवासी सन्नी तथा भैणी जाटान निवासी साहिल की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। जुलाना थाना पुलिस ने घायल मजदूर सतीश की शिकायत पर फरार अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जुलाना थाना के जांच अधिकारी कुलदीप ने बताया कि घायल आधा दर्जन मजदूरों में से दो मजदूरों की पीजीआई में उपचार के दौरान मौत हो गई है। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

हादसे में दुर्घटनाग्रस्त ऑटो।

33.89 ग्राम स्मैक के साथ महिला काबू, 37 हजार की नकदी बरामद

जींद। सीआईए स्टाफ ने गांव लोहचब में छापेमारी कर एक महिला को काबू कर कब्जे से 33.89 ग्राम स्मैक तथा 37,300 रुपये की नगदी बरामद की है। पुलिस आरोपित महिला से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि गांव लोहचब निवासी पिंकी नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करती है। वह अपने मकान के सामने चारपाई लगा कर नशीले पदार्थ को बेच रही है। सूचना के आधार पर सीआईए स्टाफ ने पिंकी के ठिकाने पर छापेमारी की। पुलिस पार्टी को देख पिंकी ने कुछ पानी की नाली में डाला और मकान के अंदर घुसने लगी। जिस पर महिला पुलिसकर्मियो ने पिंकी को काबू कर लिया। महिला पुलिसकर्मियों ने पिंकी की तलाशी ली तो ओढ़नी के पल्लू पर गांठ लगी मिली। जिसको खोल कर देखने पर उसमें स्मैक पाई गई। पुलिस ने पानी की नाली की तरफ ध्यान दिया तो वहां 37,300 रुपये की राशि निकली। जो कि पिंकी ने नशीला पदार्थ बेच कर जुटाई थी। सदर थाना पुलिस ने स्मैक के साथ पकड़ी महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दर्जनों आवारा कुत्तों ने पांच बकरी-दो भैंस को नौचा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

उपमण्डल गुहला के गांव सरोला में गत रात्रि गांव के ही दर्जनों आवारा कुत्तों ने मलकीत सिंह के बाड़े में बंधे दर्जनों पशुओं पर हमला बोल दिया नतीजतन बाड़े में कोई भी व्यक्ति के न होने के चलते कुत्ते पशुओं को काफी देर तक नोचते रहे और 5 दुधारू बकरियों एवं 2 भैंसों को अपना निवाला बना लिया। उक्त घटना बारे पीड़ित किसान मलकीत सिंह ने बताया कि आवारा कुत्ते पहले भी कई बार पशुओं पर हमला कर चुके थे, जिसके बाद उन्होंने व अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से गुहार लगाई थी कि उक्त आवारा आवारा कुत्तों को पकड़ कर जगलों मे छोड़ा जाए। परंतु प्रशासन ने कोई गौर नहीं की, जिसके चलते एक बार फिर कुत्तों ने पशुओं पर हमला कर मार डाला। बताया कि वैसे तो बाड़े में कोई ना कोई रहता ही है परन्तु कल रात बाड़े में रहने वाले लोग रात को भोजन करने के लिए घर चले गए और जब वे काफी देर बाद वापस बाड़े में पहुंचे। मलकीत सिंह ने बताया कि पशुओं के मरने से लाखों का नुकसान हुआ है। मलकीत सिंह ने बताया कि वह पशुओं के सहारे ही घर का पालन पोषण कर रहा था परंतु अब उसे बच्चों का पेट पालने के लिए आने वाले समय में भारी मशक्कत का सामना करना पड़ेगा।

नशा तस्करी के जुर्म में दोषी को दस साल कैद

- जुर्माना राशि न भरने पर एक वर्ष की भुगतनी होगी अतिरिक्त सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नेहा नोरिया की अदालत ने नशा तस्करी के जुर्म में एक दोषी को दस वर्ष कैद व एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुमाना राशि अदा न करने पर दोषी को एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार छह सितंबर 2019 को सीआईए स्टाफ के एएसआई जगबीर सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि पुलिस कर्मी रोहतक रोड पर गश्त कर रहे थे। उसी दौरान नई अनाज मंडी के निकट एक युवक पुलिसकर्मियों को देखकर तेज कदमों से चलने लगा। पुलिसकर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया। तलाशी लिए जाने पर युवक की जेब से 30600 रुपये की नगदी बरामद हुई। युवक के पिट्ठू बैग की तलाशी लिए जाने पर बैग से एक खाकी गता का डिब्बा बरामद हुआ, जिसमें पीले रंग की टेप लिपटी हुई थी। जब डिब्बे को खोलकर देखा तो उसमें काला रंगे के पोलिथीन में तीन पैकेट बरामद हुए। जिनमें स्मैक थी।

मतदान केंद्रों में अनाधिकृत व्यक्ति प्रवेश न करने पाए

हथियार जमा न करवाने वालों को भेजे जाएंगे नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में शुक्रवार को जिला की सभी विधानसभा क्षेत्र के एआरओ और पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव को संपन्न करवाने को लेकर अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार भी मौजूद रहे। बैठक में निर्देश देते उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न करवाने के लिए सभी एआरओ और पुलिस अधिकारी आपसी सामंजस्य के साथ कार्य करें। जिला में विभिन्न स्थानों पर लगाए गए नाकों पर पूरी सतर्कता बरतें और संदिग्ध वाहनों की गहनता से तलाशी लें। जिला में कहीं से भी कोई अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति प्रवेश न कर पाए। यदि किसी वाहन में अवैध रूप से शराब या अन्य नशीला पदार्थ मिलता है तो उसे तुरंत जब्त कर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर पहुंचने वाली पोलिंग पार्टियों के लिए बनाए गए रूट चार्ट को संबंधित अधिकारी आपस में सांझा करें। अधिकारियों को एक-दूसरे सहयोगी अधिकारियों के मोबाइल नंबर की जानकारी होनी चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर आपस मे संपर्क किया जा सके।

जींद। समीक्षा बैठक में भाग लेते हुए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

ये रहे मौजूद

समीक्षा बैठक के दौरान एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, नरवाना एसडीएम अनिल दून, सफीदों के एसडीएम मनीष फोगाट, उचाना एसडीएम गुलजार मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

बालाजी का विशाल जागरण आज

जींद। श्री सालासर मंडल जींद द्वारा श्री बालाजी का विशाल जागरण 18 मई को बनखंड महादेव मंदिर परिसर में आयोजित किया जा रहा है। संस्था के प्रधान बलराज गर्ग ने बताया कि इस जागरण में भजन गायक नरेंद्र कौशिक, फतेहाबाद से मोना मेहता व जींद से नरेश भजनी इत्यादि भजन गायक बालाजी की सुंदर-सुंदर भेंटें गा कर दर्शकों का मन मोह लेंगे।

संदिग्ध हालात में महिला लापता, मामला दर्ज

जींद। गांव खेड़ाखेमावती से महिला के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर ही है। गांव खेड़ा खेमावती निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पुत्रवधु घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पुत्रवधु का कोई सुराग नही लगा।

इंस्टा पर अनर्गल पोस्ट करने पर मामला दर्ज

जींद। इंस्टा अकांउट तथा व्हाट्सअप पर महिला के बारे मे अनर्गल पोस्ट डालने पर साइबर थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। एक महिला ने पुलिस कों बताया कि चंडीगढ़ निवासी विक्रम इंस्टाग्राम तथा उसके व्हाट्सअप पर उसके बारे में अनर्गल टिप्पणी कर रहा है। जब उसने विरोध किया तो आरोपित ने उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी।

प्रो. वजीर की प्रतिमा का अनावरण 19 को

जींद। राजकीय महिला महाविद्यालय के पूर्व प्रो. स्व. डा. वजीर सिंह खटकड़ की प्रतिमा का अनावरण उनके पैतृक गांव सुदकैन खुर्द में होगा। बेटे अनुराग खटकड़ ने बताया कि उनके पिता की प्रतिमा का 19 मई रविवार को सुबह 10 बजे सभी साथियों के साथ मिलकर किया जाएगा। अनुराग ने बताया कि उनके पिता एक समाजिक व्यक्ति थे।

राजबीर ने समर्थकों संग थामा भाजपा का दामन

सफीदों । जननायक जनता पार्टी को उस वक्त बड़ा झटका लगा जब उनकी पार्टी के बैकवर्ड सैल के सफीदों हलका प्रधान राजबीर प्रजापति ने अलविदा कह दिया और अपने समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। राजबीर प्रजापति को सोनीपत लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मोहनलाल बडौली ने पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया।

सैलजा के पक्ष में करेंगे बृजेंद्र सिंह 19 को दौरे

उचाना। 19 मई को पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह नरवाना हलके के विभिन्न गांवों के दौरे करेंगे। राममेहर दनौदा ने बताया कि खरल, उझाना, धनौरी, कोयल गांव में सिरसा लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार कुमारी सैलजा के लिए वो ग्रामीण जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

उचाना। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसूहन में विद्यार्थियों के सम्मान के लिए कार्यक्रम आयोजित हुआ। 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मोनिका, शशि, शुभम, सचिन, सोनिया को विशेष सम्मान से सम्मानित किया। सरपंच प्रतिनिधि श्रीकांत कसूहन ने कहा कि राजकीय स्कूलों के विद्यार्थी निरंतर अव्वल स्थान प्राप्त कर रहे है। सरकारी स्कूलों को लेकर जो सोच अभिभावकों की थी वो निरंतर बदल रही है।

महाराजा अग्रसेन मंदिर में कीर्तन का आयोजन

उचाना। पुरानी मंडी स्थित महाराजा अग्रसेन मंदिर में चल रहे भजन-कीर्तन में पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि दुनिया में बहुत सारी रचनाएं हो रही है शायद वो रचनाएं सफल ना हो पर अगर ये रचना हुई तो अवश्य सफल होगी। बड़ी मुश्किल से हमें मानव का भाव मिला है इसको व्यर्थ में ही बर्बाद मत करो। जिंदगी संघर्ष का नाम है।

सीबीएसई व हरियाणा बोर्ड से लगभग 16 हजार विद्यार्थी पास

विद्यार्थियों को महाविद्यालय में दाखिले के शेड्यूल का इंतजार

जिले के राजकीय व निजी 17 कॉलेज समेत सीआरएसयू में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीटें , राजकीय पीजी कॉलेज व राजकीय महिला कॉलेज में दाखिले के लिए रहती है मारामारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। राजकीय महाविद्यालय जींद।

सीबीएसई व हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया जा चुका है। ऐसे में जो विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में पाए हुए हैं उन्होंने अब महाविद्यालयों में दाखिले का सपना देखना शुरू कर दिया है। ये विद्यार्थी अब कॉलेज में दाखिला शेड्यूल जारी होने का इंतजार कर रहे हैं। वहीं जिले के राजकीय व निजी 17 कॉलेज समेत सीआरएसयू में यूजी कोर्स में लगभग साढ़े 11 हजार सीट हैं। जबकि इस बार 12वीं कक्षा में दोनों बोर्ड से 16 हजार से अधिक विद्यार्थी पासआउट हुए हैं। कॉलेजों व सीआरएसयू की सभी सीटें भरने के बाद करीब साढ़े पांच हजार विद्यार्थियों के लिए दूरवर्ती शिक्षा या दूसरी जिले के कॉलेजों की ओर रुख करने का ही विकल्प होगा। वहीं 12वीं कक्षा के परिणाम में विद्यार्थियों का पास होने का ग्राफ बढ़ा है। ऐसे में कालेजों की मेरिट लिस्ट में कट ऑफ भी हाई जाने की उम्मीद है। दाखिला प्रक्रिया के लिए कॉलेज प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अब उच्चतर विभाग की गाइडलाइन का इंतजार बना हुआ है। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत कॉलेज में कुछ नए कोर्स शुरू करने को लेकर कॉलेज प्रबंधन से सुझाव मांगे गए हैं। ऐसे में अब उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अनुमति दिए जाने पर कुछ नए कोर्स की सौगात विद्यार्थियों को मिल सकती है। वहीं पिछले साल राजकीय पीजी कॉलेज में बीकॉम ऑनर्स, हिस्ट्री ऑनर्स व एमएससी मैथमेटिक्स जैसे नए कोर्स शुरू किए गए थे। जबकि इस साल राजकीय पीजी कॉलेज की ओर से बीबीए कोर्स शुरू करने व बीसीए संकाय में 60 की जगह निर्धारित सीटों की संख्या 80 किए जाने की मांग उच्चतर शिक्षा विभाग के पास भेजी गई है।

जल्द ही आ सकता है दाखिले को लेकर शेड्यूल : सत्यवान

प्राचार्य सत्यवान मलिक

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि अगर नए कोर्स शुरू होते हैं तो विद्यार्थियों को अवगत करवा दिया जाएगा। फिलहाल यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अभी कोई शेड्यूल जारी नहीं किया गया है। जल्द ही शेड्यूल आने की संभावना है। अभी उच्चतर शिक्षा विभाग ने नई शिक्षा नीति के तहत कुछ नए कोर्स शुरू करने को लेकर कॉलेजों से सुझाव मांगे थेए जो भेज दिए गए हैं।

पीजी कॉलेज व राजकीय महिला कॉलेज में दाखिले के लिए रहती है मारामारी

शहर के राजकीय पीजी कॉलेज व राजकीय महिला कॉलेज में यूजी कोर्स में दाखिले को लेकर सबसे ज्यादा मारामारी रहती है। दोनों कॉलेजों में बीए, बीकॉम, बीएससी मेडिकल, बीएससी नॉन मेडिकल, बीएससी कंप्यूटर साइंस, बीए इंग्लिश ऑनर्स, बीए 'योग्राफी ऑनर्स, बीसीए, बीकॉम आनर्स सहित अन्य संकायों में लगभग 2400 सीट हैं। इन सीटों पर दाखिले के लिए निर्धारित सीटों पर लगभग दो से तीन गुना आवेदन आते हैं।

ये हैं सीआरएसयू समेत जिले में 17 राजकीय और निजी कॉलेज

जिले में सीआरएसयू समेत 17 राजकीय व निजी कॉलेज हैं। इसमें से राजकीय पीजी कॉलेज जींद, राजकीय महिला कॉलेज जींद, केएम कॉलेज नरवाना, राजकीय कॉलेज अलेवा, महिला कॉलेज पिल्लूखेड़ा, राजकीय कॉलेज सफीदों, राजकीय कॉलेज जुलाना, मेटिस कॉलेज अंटा, सीआर किसान कॉलेज जींद, हिंदू कन्या कॉलेज जींद, राजीव गांधी सनातन धर्म महिला कॉलेज नरवाना, इंडस डिग्री कॉलेज किनाना, राजीव गांधी कॉलेज उचाना, राजकीय कॉलेज छात्तर व एसडी महिला कॉलेज नरवाना शामिल हैं।

जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डिप्टी सीएमओ डा. रमेश पांचाल।

विश्व हाइपरटेंशन-डे पर कार्यक्रम आयोजित

- बल्ड प्रैशर को कंट्रोल करके आप लंबे समय तक सामान्य जीवनयापन कर सकते हैं : डा. रमेश पांचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को सीएमओ डा. गोपाल गोयल के दिशा-निर्देशन में वर्ल्ड हाईपरटेंशन-डे (विश्व रक्तचाप दिवस) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को हाईपरटेंशन के प्रति जागरूक करना रहा। सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि हर वर्ष 17 मई को विश्व रक्तचाप दिवस मनाया जाता है। हर साल हाईपरटैंशन के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह दिवस मनाया जाने लगा है। इस बार विश्व रक्तचाप दिवस 2024 की थीम है अपने रक्तचाप को स्टीक रूप से मापें, इसे नियंत्रित करें। उप सिविल सर्जन डा. रमेश पांचाल ने कहा कि हाईब्लड प्रेशर व हाईपरटेंशन के बढने का मुख्य कारण आजकल की जीवनशैली, अधिक तनाव, फैमिली हिस्ट्री, गलत खान-पान, बढ़ता मोटापा, नियमित शारीरिक गतिविधियां न करना, स्मोकिंग, तंबाकु सेवन व खराब लाइफ स्टाइल आदि है। यह किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। इससे बचने के लिए हमें नियमित रूप से व्यायाम आदि करना चाहिए तथा हमें अपने खानपान संबंधी नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए। जिनमें बीपी, शूगर, वजन, रक्त जांच शामिल है। बल्ड प्रैशर को कंट्रोल करके आप लंबे समय तक सामान्य जीवनयापन कर सकते हैं। हाई बीपी के लक्षण हों तो इसे नजरअंदाज न करें। जिला कार्यक्रम संयोजक डा. सुरजीत ने कहा कि जिला मुख्यालय स्तर पर सभी सब डिविजनल अस्पताल व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एनसीडी क्लीनिक स्थापित हैं। जहां पर आमजन बीपी व शूगर जांच करवा सकते हैं। साथ ही सभी हैल्थ वैलनैस सेंटर पर भी सीएचओ द्वारा नियमित बीपी व शूगर जांच की जाती है। इस अवसर पर उप सिविल सर्जन डा. पालेराम कटारिया, डा. संदीप लौहान, डा. बिजेंद्र ढांडा, डा. दिशा बैनिवाल, डा. रवि राणा, डीएफएलसी कविता, एनसीडी स्टाफ सुमन, पूजा, वार्ड सहायक नसीब, विनोद, प्रदीप कुमार उपस्थित रहे।

लस्सी, नींबू पानी, छाछ का ज्यादा सेवन करें

- गर्मी-लू से बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी जरूरी : संदीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। लू से बचाव को लेकर जानकारी देते स्वास्थ्यकर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

मौसम में तापमान बढ़ने से लू के खतरों के चलते स्वास्थ्य विभाग लोगों को जागरूक कर रहा है। कालवा में स्वास्थ्य कार्यकर्ता संदीप कुंडू, सुनीता व नीलम ने लोगों को विभाग की एडवाइजरी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी व लू से बचने के लिए नागरिक दोपहर के समय विशेषकर 12 से तीन बजे के बीच बाहर जाने से बचें। तापमान अधिक होने की स्थिति में कड़ी मेहनत का कार्य न करें। इसके अलावा शरीर में पानी की कमी करने वाले चाय, कॉफी और काबार्ेनेटिड शीतल पेय जैसे पदार्थों के सेवन से बचना चाहिए। उच्च प्रोटीन युक्त व बासी भोजन न खाएं। अत्यधिक गर्मी से बचाव के लिए धूप में निकलते समय सिर व मुंह के बचाव के लिए काला चश्मा, छाता, पगड़ी, दुपट्टा, टोपी के अलावा पैरों में जूते या चप्पल अवश्य पहनें। हो सके तो घर पर ही रहें। घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें जो शरीर को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। कमजोरी, चक्कर आना, सिर दर्द, दौरे जैसे हीट स्ट्रोक, हीट रैश के संकेतों को पहचानें। यदि आप बेहोशी या बीमार महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। अत्यधिक पसीना निकलने से शरीर में सोडियम की कमी हो जाती है।

संयुक्त किसान मोर्चे का 756वें दिन भी धरना जारी

नरवाना। शुक्रवार को 756वें दिन भी नरवाना तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा। जिसकी अध्यक्षता रामधारी सिंह ढाकल ने की मंच सांझा करते मास्टर बलजीत सिंह मांडी ने बताया क्यों किसानों को इतने दिनों से लगातार धरना देने की आवश्कता पड़ी। नरवाना तहसील कार्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों की नाकामी के कारण इस्माइलपुर, नरवाना मोर पत्ती, धरोदी आदि गांवों में जलभराव से खराब फैसलों के 3 करोड़ मुआवजे की ग्रांट 31 मार्च 2023 को लेप्स हो जाती है और गुलाबी सुंडी के प्रकोप से नरमा की फसल बर्बाद हो जाती है इसलिए धरने की शुरुवात हुई। लेप्स हुई ग्रांट वापिस आई और किसानों बंटी 7 करोड़ की ग्रांट से इस्माइलपुर का बरसाती पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन अंडर ग्राउंड दबाई जा चुकी है 169 करोड़ का एक प्रॉजेक्ट नरवाना वाटर ट्रीटमेंट के पानी को अंडर ग्राउंड पाइप लाइन द्वारा हंसडेहर ड्रेन में डाला जायगा। जिसकी पाइपें आ चुकी हैं।

रिटायर्ड कर्मचारी मांगों को लेकर आंदोलनरत

- रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। बातचीत करते प्रधान किताब सिंह भनवाला तथा उप प्रधान ओम सिंह सांगवान। *फोटो :हरिभूमि*

रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसो.के प्रधान किताब सिंह भनवाला तथा उप प्रधान ओमसिंह सांगवान ने बताया कि भाजपा की प्रदेश की सरकार समाज के किसी भी वर्ग की कोई समस्या सुनने के लिए न पहले तैयार थी और न ही अब है। रिटायर्ड कर्मचारी लगातार पिछले नौ वर्ष से अपनी मांगों व समस्याओं के बारे में अनेक बार सरकार को ज्ञापन दे चुके हैं। परंतु अब तक बात तक करने की कोशिश सरकार की तरफ से नहीं हुई है। समाज के दूसरे वर्ग जैसे पटवारी, क्लर्क, आंगनबाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, मिड-डे मील वर्कर, नंबरदार, सरपंच, सफाई कर्मचारी आदि वर्गों की मांगों को मानने के बाद भी लागू करने का कार्य नहीं किया। किसानों व मजदूरों के साथ व्यवहार की तो जितनी निंदा की जाए, उतनी ही कम है। महिला खिलाड़ियों के साथ जो अमानवीय व्यवहार किया है, सब के सामने है। कहने का तात्पर्य यह है कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश की सरकार ने जनहित कार्य करने की बजाय जनविरोधी, समाज विरोधी कानून व नियम बना कर जनता को अनेक कष्ट दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों से सिद्ध होता है कि केंद्र सरकार ने कई असंवैधानिक और नियमों के विरुद्ध कार्य लिए है, जिनको सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक और नियमों के विरूद्ध बताया है।

जींद। छात्रा अंजलि को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

नारा लेखन प्रतियोगिता में अंजलि ने मारी बाजी

जींद। कानूनी साक्षरता मिशन के तहत जिला स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय महाविद्यालय अलेवा में किया गया। इसमें हिंदू कन्या महाविद्यालय की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा अंजलि ने नारा लेखन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा को मेरिट प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि छात्राओं को अपने व्यक्तित्व विकास के लिए इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहना चाहिए। इस अवसर पर कानूनी साक्षरता सेल की संयोजिका डा. सुषमा हुड्डा एवं सदस्या डा. सुषमा गर्ग उपस्थित रहे।

श्री चैतन्य स्कूल का परीक्षा परिणाम शानदार

- दसवीं तथा 12 वी मे अव्वल रहे छात्रो का किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद। चैतन्य स्कूल के होनहार छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

सीबीएसी द्वारा घोषित दसवी तथा 12वीं कक्षा परीक्षा परिणाम में गांव ईगराह स्थित श्री चैतन्य स्कूल की दोनों कक्षाओं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल प्रबंधन ने परीक्षा में अव्वल रहे छात्रो का सम्मानित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल के प्राचार्य कृष्णानंद तथा डा. नरेंद्र शर्मा ने बताया कि स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा हिमांशी ने 478 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। छात्र हर्ष ने 431 अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पुष्कर ने 421 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार 12वीं के परीक्षा परिणाम में नेहा ने 444 अंक लेकर स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जबकि तमन्ना 427 लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया है। वहीं 427 अंक के साथ सुनैना तृतीय स्थान पर रही है। स्कूल के प्राचार्य कृष्णानंद ने छात्रों को मोमेंटो देकर उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि स्कूल में छात्रों को पढ़ाई के अनुकूल माहौल दिया जा रहा है।

पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों पर जोर दिया जा रहा है ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास हो सके।

उचाना। शिव गुरुकुलम छात्तर स्कूल में सम्मानित विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

समारोह में छात्रों को नगद राशि देकर किया सम्मानित

उचाना। शिव गुरूकुलम छात्तर में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। 10वीं कक्षा में अव्वल रहने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। रिंकू, खुशी, मंशा देवी स्कूल में टॉप तीन स्थान पर रहे। चार विद्यार्थी बोर्ड के दस सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थियों में शामिल रहे। स्कूल प्रबंधक शेखर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को 11 हजार एवं 5100-5100 रुपए से सम्मानित किया। अग्रवाल ने कहा कि स्कूल के होनहार विद्यार्थी गांव, स्कूल एवं क्षेत्र की शान है। ग्रामीण अंचल के विद्यार्थी निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आ रहे है। प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती है। ग्रामीण अंचल के युवा आज निरंतर आगे बढ़ रहे है। शेखर अग्रवाल होनहार विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा दे रहे है। अमेरिका में रहते हुए भी वो छात्तर गांव में शिव गुरूकुलम के माध्यम से 500 विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा दे रहे है।

शौचालयों को दुरूस्त करवाने का कार्य शुरू, आमजन को राहत

अस्पताल में 11 लाख से बने शौचालय के बहुरे दिन

हरिभूमि न्यूज. जींद

अस्पताल में शव गृह के पास बने शौचालय में टूटे दरवाजों को ठीक करते कर्मी।

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में करोड़ों रुपये की लागत से इमारतें तो बना दी लेकिन मरीजों को शौचालय की मूलभूत सुविधा उपलब्ध करवाने में अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से नाकाम ही साबित हो रहा था। मामला सीएमओ डा. गोपाल गोयल के संज्ञान में आया और उन्होंने शौचालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शव गृह के पास ही वर्ष 2011 में 11 लाख की से बनाए गए महिला व पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय को देखा तो पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया। जिस पर तुरंत शौचालय की व्यवस्था को दुरूस्त करने के आदेश दिए। शुक्रवार से शौचालय को ठीक करने का काम शुरू हो गया। जिससे आमजन को राहत मिलेगी। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल की बात की जाए तो यहां प्रतिदिन 1600 तक की ओपीडी होती है। इसके अलावा आधार कार्ड अपडेट करवाने सहित अन्य कार्य करवाने के लिए भी सैंकडों लोग आते हैं। पोस्टमार्टम रूम के पास ही शौचालय बनवाया गया है लेकिन रखरखाव के अभाव में यह शौचालय उपयोग करने लायक नही था। यहां टूंटियां भी टूटी पड़ी थी और दरवाजे टूटे हुए थे। जिसके चलते यहां महिलाएं तो शौच करने की सोच भी नही सकती थी।

काम प्रारंभः सीएमओ

सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने कहा कि शव गृह के पास शौचालय एडीसी कार्यालय की ओर से बनवाया गया है। उनके द्वारा यहां सफाई कर्मचारी की व्यवस्था नहीं करवाई गई। बिना शौचालय के लोगों को परेशानी हो रही थी। ऐसे में शौचालय की व्यवस्था को दुरूस्त करवाने का काम किया गया है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में अपना नैतिक फर्ज निभाएं।

सीएमओ ने निरीक्षण कर जांची व्यवस्थाः सीएमओ ने निरीक्षण कर जब शौचालय की हालत को देखा तो तुरंत प्रभाव से इसे दुरूस्त करवाने के आदेश दिए। इस शौचालय को एडीसी कार्यालय की ओर से बनवाया गया था और उनके द्वारा यहां सफाई की व्यवस्था थी लेकिन अस्पताल प्रशासन आमजन की सुविधा को लेकर अपने पास मौजूद सफाईकर्मियों के माध्यम से सफाई की व्यवस्था करता था। जिस पर तुरंत प्रभाव से प्रशासन के संज्ञान में मामला लाया गया और शुक्रवार को शौचालय में टूटे पड़े दरवाजों, टूंटी व पानी की व्यवस्था को ठीक करवाने का कार्य शुरू हुआ।

उचाना। वीटा मिल्क प्लांट का शैक्षणिक भ्रमण करते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

विद्यार्थियों ने किया वीटा प्लांट का दौरा

उचाना। शिक्षा गौरक्ष एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा संचालित नाथ जी औद्योगिकी प्रशिक्षण केंद्र उचाना मंडी के विद्यार्थियों द्वारा उचाना सवारेदय वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से वीटा मिल्क प्लांट जींद का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए उनके व्यवसाय के अनुदेशक उनके साथ रहे। विद्यार्थियों ने वीटा मिल्क प्लांट के उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। प्लांट में बनने वाले विभिन्न उत्पादों के बारे में जाना। विद्यार्थियों ने गहरी रूचि लेते हुए संयंत्र में तैयार उत्पादों के बारे में विभिन्न प्रश्न पूछे। सोसायटी प्रधान संजय करसिंधु ने बताया कि वीटा प्लांट में वकील सहायक प्रबंधक द्वारा प्लांट में लगे उपकरणों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से बताया गया। विद्यार्थियों को आधुनिक टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी मिलती रहे इसके लिए भी आगे विद्यार्थियों के इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण करवाते रहेंगे। इस मौके पर बिट्टू, विजय, किरण मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

भाजपा में हर कार्यकर्ता का पूरा सम्मानः प्रधान

सीवन। कुरुक्षेत्र सैनी सम्मान के प्रधान गुरनाम सिंह सैनी ने सीवन में एक कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें हर कार्यकर्ता को समान मिलता है। इस पार्टी में कोई भी कार्यकर्ता किसी भी पद तक जा सकता है। इसका उदाहरण भी अभी हरियाणा में देखने को मिला जब सैनी समाज को प्रतिनिधित्व देते पार्टी के कार्यकर्ता व सांसद नायब सिंह सैनी को प्रदेश का सीएम बना दिया गया। यह हमारे पूरे समाज के लिए बड़े ही गौरव का विषय है कि हमारे समाज को प्रतिनिधित्व मिला है और हमारे में से एक पूरे प्रदेश की कमान संभाल रहा है।

रणधीर का फैसला नया रंग लाएगा : हुड्डा

पूंडरी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का पूंडरी के विधायक रणधीर सिंह गोलन के कार्यालय पंहुचनें पर जोरदार स्वागत किया गया। बता दें गत दिनों ही रणधीर गोलन समेत 3 निर्दलीय विधायको नें भाजपा सरकार से अपना समर्थन वापिस लेकर काग्रेंस को अपना बाहरी समर्थन देकर हरियाणा की राजनीति में हलचल पैदा कर दी थी और उस दिन से ही हरियाणा की सरकार अल्पमत में आ गई है। हुड्डा के पंहुचनें पर कार्यकर्त्ताओं ने रणधीर गोलन आगे बढ़ो, हम तुम्हारे साथ है और भावी मुख्यमंत्री हुड्डा के जोशीले नारों से भव्य स्वागत किया।

अकादमी के नन्हे-मुन्नों ने मनाई 'लैमन पार्टी'

गुहला-चीका। शुक्रवार को कोहिनूर इंटरनेशनल अकादमी चीका के प्रांगण में नन्हे-मुन्नों ने लैमन पार्टी का आनंद उठाते हुए पीत दिवस मनाया। कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के सभी विद्यार्थी व अध्यापक थीम के अनुसार पीले रंग की वेशभूषा में आए। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं जैसे कि कविता गायन, स्किट, सॉन्ग, डांस इत्यादि । बच्चे अपने साथ पीले रंग की विभिन्न वस्तुएं लेकर आए जैसे कि गुब्बारे , खिलौने, नींबू , स्ट्रॉ , डेकोरेटिव गिलास, फल, पकवान इत्यादि । हर बच्चे ने अपने द्वारा लाई गई पीली वस्तु के बारे में विस्तार से बताया । उनका आत्मविश्वास देखते ही बनता था।

राजकीय कन्या कालेज की छात्राओं ने मारी बाजी

गुहला-चीका। कुरुक्षेत्र विवि कुरुक्षेत्र ने बीटीएम के तीसरे सत्र का परिणाम घोषित किया। तीसरे स्तर की परीक्षाओं में हर वर्ष की तरह इस सत्र में भी महाविद्यालय की छात्राओं ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। विवि के तीसरे सत्र के परिणाम में राजकीय कन्या कालेज की छात्राओं ने विवि के परिणाम में टॉप 10 में जगह बनाई बी टी एम की छात्रा प्रवीण ने विवि स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

परिजनों और मतदाताओं के चेहरे पर दिखाई दी खुशी, 102 वर्षीय जगीरो देवी ने भी डाला वोट

बुजुर्ग व दिव्यांगजनों ने किया घर पर मतदान

- 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को चुनाव आयोग ने दी है ये सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार 85 वर्ष से अधिक आयु के एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही मतदान करने की सुविधा शुक्रवार को जिला में शुरू हो गई। इसके तहत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार के मार्ग दर्शन में गठित की गई मोबाईल पोलिंग टीम मतदाताओं के घर-घर पहुंची और पूरी चुनाव प्रक्रिया अपनाते हुए वोट डलवाने का कार्य किया।

पहले दिन कैथल, कलायत व गुहला विधानसभा क्षेत्र के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के वोट डलवाए गए। वोट डालने के बाद परिजनों और मतदाताओं के चेहरे पर खुशी दिखाई दी और उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा लागू की गई इस सुविधा की सराहना भी की। पोलिंग टीम ने सबसे पहले मतदाता की वोटर स्लीप चैक की और वोटर लिस्ट में नाम जांचा,

कैथल। बेल्ट पेपर पर मतदान करने के लिए जाते पोलिंग पार्टी। फोटो : हरिभूमि

फिर एक मेज पर तीनों तरफ से ढका हुआ वोटिंग कम्पार्टमेंट तैयार किया, जहां मतदाता ने बैलेट पेपर पर अपने पसंद के प्रत्याशी के खान्ने (कॉलम) में पैन से निशान लगाया, जिसके बाद मतदाता ने स्वयं उसे फोल्ड करके एक लिफाफे में डाला। इसके बाद निर्वाचन आयोग की हिदायतानुसार उस लिफाफे को सील करके मतदान पेटिका में डाल दिया।

क्योड़क गांव की 102 वर्षीय जगीरो देवी ने बैलेट पेपर से मतदान किया। मौके पर मौजूद उनके परिजनों ने कहा कि माता जी चलने फिरने में असमर्थ है और इस बार लग रहा था कि वह मतदान करने बूथ पर नहीं जा पाएगी, लेकिन चुनाव आयोग ने यह सुविधा देकर लोकतंत्र के इस महायज्ञ में आहूति डलवाने का कार्य किया है। यह आयोग की बहुत अच्छी पहल है।

85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 11021 मतदाताः जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 11 हजार 21 मतदाता है, जिसमें 3871 पुरूष तथा 7 हजार 150 महिला मतदाता हैं। इनमें से 698 बुजुर्ग मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना था। इसी प्रकार जिला में 7 हजार 605 दिव्यांग जन मतदाता हैं। इनमें से 187 दिव्यांगजन मतदाताओं ने चुनाव आयोग द्वारा लागू की गई इस सुविधा का लाभ लेने के लिए

बुजुर्ग अगंध और जंगीरो देवी

संबंधित फार्म भरकर आवेदन किया था।

उन्होंने बताया कि कैथल विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग मतदाता 192 तथा 52 दिव्यांग मतदाता, गुहला विधानसभा क्षेत्र में 133 बुजुर्ग तथा 55 दिव्यांग मतदाता, कलायत विधानसभा क्षेत्र में 155 बुजुर्ग तथा 45 दिव्यांग मतदाता, पूंडरी विधानसभा क्षेत्र में 218 बुजुर्ग तथा 35 दिव्यांग मतदाता घर पर ही मतदान करने की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा जिला में कुल 55 मोबाईल पोलिंग टीमें इस कार्य को कर रही है, जिसमें एक सैक्टर ऑफिसर, बीएलओ, पीठासीन अधिकारी, पोलिंग अधिकारी, माईक्रो ऑब्जर्वर, वीडियोग्राफर तथा पुलिस कर्मी आदि स्टाफ शामिल है। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करवाई जा रही है।

85 वर्ष से ज्यादा-विकलांगों के बैलेट पेपर वोटों की सुरक्षा के इंतजाम नहीं : अनुराग ढांडा

कैथल। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता की और बैलेट पेपर से चुनाव को लेकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उनके साथ मास्टर सतबीर गोयत, उमेश शर्मा और पुरूषोतम सरपंच भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि 85 वर्ष से ज्यादा आयु के वोटर और दिव्यांग वोटरों के बैलेट पेपर से वोटिंग करवाई जा रही है। इसमें गंभीर लापरवाही सामने आई है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सीधे मुकाबले में हार रही है। इसलिए प्रशासन की मदद से इस प्रकार के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से ये चुनाव करवाया जा रहा है। उससे स्पष्ट होता है कि चुनाव आयोग इसको लेकर गंभीर नहीं है। जिस लिफाफे में बैलेट पेपर को डाला जा रहा है, उस पर सील नहीं लगाई जा रही। वहीं बैलेट बॉक्स को भी सील नहीं किया गया है, सिर्फ ताला लगाकर ही बिना किसी प्रशासनिक सील के छोड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि इनके साथ कभी भी छेड़छाड़ की जा सकती है और बदला जा सकता है। उन्होंने चुनाव आयोग से इस चुनाव को स्थगित करने की मांग की और राजनीतिक पार्टियों के एजेंटों की मौजूदगी में चुनाव करवाने की मांग की। उन्होंने कहा यहां तक कि गांवों में सरपंचों को भी इस बारे में जानकारी नहीं है कि गांव में बैलेट पेपर से वोटिंग चल रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी उम्मीदवार को फायदा पहुंचाने के लिए प्रशासन गुपचुप तरीके से वोटिंग करवा रहा है।

मुख्य चुनाव आयुक्त को भी सुबूत के साथ वीडियो और फोटोग्राफ भेजे जाएंगे

उन्होंने कहा कि इसको लेकर आम आदमी पार्टी चुनाव आयोग में भी आधिकारिक शिकायत दर्ज करेगी और मुख्य चुनाव आयुक्त को भी सुबूत के साथ वीडियो और फोटोग्राफ भेजे जाएंगे। आखिर बिना किसी सील और एजेंट्स की मौजूदगी के बिना बैलेट पेपर के साथ वोटिंग हो रही है। इसमें कोई भी वोट बदल कर किसी के लिए एक तरफा वोटिंग कर सकता है।

लोकतंत्र के इस उत्सव में सभी मतदान करें : डीसी

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकतंत्र प्रणाली में जनता सर्वोपरि होती है और एक-एक वोट का बड़ा महत्व होता है, इसलिए सभी मतदाताओं आगामी 25 मई को लोकतंत्र के इस उत्सव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। मतदान करना उनका अधिकार है। चुनाव में मतदान करने का मौका 5 साल के बाद मिलता है। यह अवसर हमें गंवाना नहीं चाहिए बल्कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करके अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें।

- उम्मीदवार पसंद नहीं तो मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट करें

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि हमारे देश में युवाओं की संख्या अधिक है, इसलिए भारत को युवा देश कहते हैं। इस बात को युवाओं को समझना होगा कि लोकतंत्र में भागीदारी से लोकतंत्र मजबूत बनता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि अगर आप अपनी आवाज को बुलंद रखना चाहते हैं तो लोकतंत्र के पर्व में वोट डालकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अगर मतदाताओं को कोई भी उम्मीदवार पसंद नहीं आता है तो वह मतदान करने से वंचित न रहे बल्कि पोलिंग बूथ पर जाकर नोटा को वोट कर सकते हैं। संविधान में सभी को वोट का समान रूप से अधिकार दिया गया है।

128 विद्यार्थियों ने पास की राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद हरियाणा गुरु ग्राम के निदेर्शानुसार हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 19 नवंबर 2023 को राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना राज्यस्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया जिसका परीक्षा परिणाम राज्य शैक्षिणक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद गुरु ग्राम द्वारा आज घोषित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी कैथल डॉक्टर विजयलक्ष्मी नेबताया कि हरियाणा राज्य से2337 विद्यार्थियों नेयह परीक्षा उत्तीर्ण की है और कैथल जिले से128 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है इसके लिए स्कूल मुखिया, अध्यापक ,छात्र एवं अभिभावक बधाई के पात्र हैऔर इन विद्यार्थियों को 1000 प्रतिमाह स्कॉलरशिप दिया जाएगा।

ये हैं मापदंड

उपरोक्त स्कॉलरशिप प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी सरकारी स्कूल में पढ़ता रहना चाहिए उसके परिवार की वार्षिक आय 3.50 लाख रुपए से कम होनी चाहिए। अनुसूचित जाति जनजाति के विद्यार्थियों को प्रथम क्लास अधिकारी से प्रमाण पत्र बना कर ऑनलाइन आवेदन के साथ अपलोड करना होगा। स्कॉलरशिप की राशि कक्षा नौवीं से 12वीं तक प्रदान की जाएगी जिसके लिए विधार्थी को प्रत्येक कक्षा में 60% अंक लाने अनिवार्य है।

राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति योजना के प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को ठ२स्त्र पोर्टल पर आवेदन करना होगा। जैसे ही पोर्टल खुलेगा विद्यार्थियो को सूचना दे दी जाएगी छात्रवृत्ति प्राप्त करने के लिए विद्यार्थी का डाटा आधार कार्ड से मैच होना चाहिए।।छात्रवृत्ति के लिए चयनित सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को यह हिदायत है कि केवल परीक्षा सूची में नाम आने से उन्हें छात्रवृत्ति प्राप्त नहीं होगी। एनएसपी पोर्टल पर आवेदन करना होगा और यह प्रक्रिया चारों वर्ष करनी होगी अन्यथा उन्हें छात्रवृत्ति नहीं मिलेगी। चयनित विद्यार्थी पोर्टल पर जब पंजीकरण करवाएंगे तो उनके आवेदनों की जांच की जाएगी और आवेदन सत्यापित होने पर ही छात्रवृत्ति प्राप्त होगी।

मारपीट और मारने की धमकी देने के 3 मामलों में बाइस पर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन लग-अलग मामलों में पुलिस ने 22 व्यक्तियों को नामजद किया है। पहले मामले में गांव खरकां की लखविंद्र कौर ने गुहला थाना में शिकायत दी कि नौ मई को आरोपी भजन सिंह, कुलदीप व पांच-छह अन्य ने उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उस पर ईंटों से हमला कर दिया। साथ ही उसका मोबाइल तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के

खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीसरे मामले में गांव पबनावा निवासी नरेंद्र कुमार ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 15 मई को शाम के समय आरोपी शुभम, सचिन, शीला व पांच अन्य आरोपियों ने उसे डंडे व रॉड से पीटा। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी हरपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौथे मामले में गांव पबनावा निवासी मोहित ने ढांड थाना में शिकायत दी कि 15 मई को आरोपी प्रवीन, अमित, कर्मा, नरेंद्र, बलवान व चंदगी ने उसे व उसके परिवार के सदस्यों को डंडे व गंडासी से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी संदीप ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रताड़ित करने के मामले में उद्घघोषित आरोपी दबोचा

कैथल। पीओ पकडो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एक बेल जंपर आरोपी को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पी.ओ. स्टाफ के एएसआई राजकुमार की टीम द्वारा आरोपी डीएवी कालोनी खुराना रोड़ कैथल निवासी रामपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर वर्ष 2019 दौरान थाना चीका में दर्ज मामले अनुसार आरोपी रामपाल द्वारा उसकी पत्नी को दहेज के लिए मारपीट करते हुए प्रताड़ित करने का आरोप है। आरोपी को उक्त मामले में पुलिस द्वारा गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया था लेकिन आरोपी न्यायालय से जमानत लेने उपरांत न्यायालय में दोबारा हाजिर नहीं हुआ था और भूमिगत हो गया था। आरोपी को न्यायालय ने आदेशों की अवहेलना करने के आरोप में 8 जनवरी 2024 को पीओ घोषित किया गया था।

मॉडल, पिंक, दिव्यांगजनो द्वारा संचालित बूथ एवं यूथ बूथ बनाए : प्रशांत पंवार

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने बताया कि लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र गुहला, कलायत, कैथल तथा पूंडरी में एक-एक मॉडल, पिंक व दिव्यांगजनो द्वारा संचालित बूथ एवं यूथ बूथ बनाए गए हैं। इन सभी बूथों पर विशेष व्यवस्था रहेगी और इन्हें खास अंदाज में सजाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 25 मई को हरियाणा के सभी जिलों में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। मतदान की सभी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। पिंक बूथ बनाने का मुख्य मकसद महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक करना है ताकि वे वोट डालने के लिए घर से बाहर आएं और अपने अनुकूल वातावरण में मतदाधिकार का प्रयोग करें। पिंक बूथ की कमान महिला कर्मचारियों के हाथ में होगी। कैथल विधानसभा क्षेत्र के आरकेएसडी कॉलेज में बूथ नंबर 155 को मॉडल बूथ तथा यहीं पर स्थापित बूथ नंबर 156 को पिंक बूथ बनाया गया है।

राजौंद। ब्लॉक में प्रथम जिले में दूसरे स्थान पर आने वाली छात्रा व अन्य विद्यार्थियों को सम्मानित करते जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी। फोटो : हरिभूमि

गोल्ड लाइफ स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा कृति राजौंद ब्लॉक में अव्वल और जिले में द्वितीय रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजौंद के गोल्ड लाइफ स्कूल की 10वीं कक्षा की छात्रा कृति को राजौंद ब्लॉक में प्रथम व जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। स्कूल प्रधानाचार्य शिव कुमार ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गोल्ड लाइफ स्कूल के बच्चों को उनके बेहतर परिणाम के लिए सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी डा. विजय लक्ष्मी द्वारा गोल्ड लाइफ स्कूल की 10 वी कक्षा की छात्रा कृति को राजौंद ब्लॉक में प्रथम स्थान व जिले में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कक्षा 12 वी की छात्रा अंशिका को स्कूल में बारहवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर शील्ड देकर सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी ने दोनों बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बाकी बच्चो को भी इनसे प्रेरणा लेकर अच्छी मेहनत करते हुए अपने स्कूल शहर गांव और माता पिता का नाम रोशन करना चाहिए। इस दौरान गोल्ड लाइफ स्कूल के अन्य बच्चो को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए भी सम्मानित किया। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा स्कूल संचालक यशपाल सिंह, मैनेजिंग डायरेक्टर जितेंद्र सिंह व प्रिंसिपल शिव कुमार को स्कूल के अच्छे परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी।

बीइओ ने किया विद्यार्थियों को सम्मानित

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगड़ा में सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगड़ा में 10 वीं व 12 वीं कक्षा में मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप मौजूद रहे। विद्यालय स्तर पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों तथा पूरे विद्यालय परिवार को बेहतरीन परीक्षा परिणाम लाने के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी तथा भविष्य में ऐसे ही

राजौंद। खंड शिक्षा अधिकारी बलबीर सिंह कश्यप गांव बीरबागडा में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

परीक्षा परिणाम लाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने इस सफलता का श्रेय अपने सभी मेहनती अध्यापकों एवं कर्मचारियों को दिया तथा सभी छात्र-छात्राओं को बेहतरीन रिजल्ट लाने के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान विद्यालय प्राचार्य ने खंड शिक्षा अधिकारी को प्रतीक चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। उन्होंने सभी गांव के सभी गणमान्य लोगों का कार्यक्रम में पहुंचने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ, एसएमसी सदस्य,पंचायत समिति प्रतिनिधि संजीव कुमार तथा सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावक मौजूद रहे।

हमेशा खेल की भावना से ही प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए : प्रमोद

हथीरा की टीम ने हाबड़ी को 8 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी

गुरु ब्रह्मानंद क्रिकेट क्लब द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन गांव चुहड़माजरा में किया गया, जिसमें प्रदेश भर से आई हुई अनेक टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंदर मुख्य अतिथि प्रमोद चुहड़माजरा ने शिरकत की। उन्होंने पहले प्रतियोगिता में खेल रही दोनों टीमों हथीरा व हाबड़ी के साथ हाथ मिलाकर परिचय किया और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। प्रमोद ने कहा की खिलाड़ियों को हमेशा खेल की भावना से ही

पूंडरी। हथीरा की टीम को पुरस्कार देते हुए समाजसेवक प्रमोद चुहड़माजरा। फोटो : हरिभूमि

प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए। आपस में द्वेष नहीं रखना चाहिए हार जीत तो चलती रहती है। जब प्रतियोगिता में खेलेंगे तो निश्चय ही जीत तो एक टीम की ही होगी। टीम हार जाती है उसे हौसला नहीं खोना चाहिए बल्कि दोबारा और अभ्यास करके बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहना चाहिए। क्लब के सदस्यों ने बताया कि प्रतियोगिता के अंदर प्रथम पुरस्कार के रूप में 41 हजार रुपए, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 21 हजार रुपए और मैन ऑफ द सीरीज को 3100 रुपए दिए जाएंगे। सर्वश्रेष्ठ बॉलर और सर्वश्रेष्ठ बैट्समैन को 1500 रुपए दिए जाएंगे। अंत में हथीरा की टीम ने हाबड़ी को 8 विकेट से हराया। प्रमोद ने हथीरा को प्रथम पुरस्कार दिया। द्वितीय पुरस्कार हाबड़ी की टीम को दिया गया।

खबर संक्षेप

सरकारी संपत्ति पर वॉल पेंटिंग की अनुमति नहीं

जींद। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिला में प्रभावी ढंग से लागू किया गया है। सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी और अर्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबंधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी। ऐसा करने के आरोपी के विरुद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान जिला में आदर्श आचार संहिता की पालना के लिए अधिकारियों की गठित की गई।

परीक्षा-परिणाम में छाए मिशन बुनियाद के बच्चे

कैथल। हरियाणा में दसवीं कक्षा का बोर्ड का परिणाम दिनांक 12 मई 2024 को घोषित किया गया है,जिसमें मिशन बुनियाद में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने प्राइवेट विद्यालयों को भी अपना लोहा मनवाया है ।जिला शिक्षा अधिकारीकैथल डॉ विजयलक्ष्मी ने बताया कि 2022 में मिशन बुनियाद कार्यक्रम हरियाणा सरकार के शिक्षा विभाग के सौजन्य से विकल्प फाउंडेशन द्वारा हरियाणा के विभिन्न सरकारी स्कूलों में 51 केन्द्रों के साथ शुरू किया गया था। इसमें नौवी और दसवीं कक्षा के बच्चों को शिक्षा प्रदान की जाती हैं। इसे सरकार ने 2023 में बढ़ा दिया था एवं आज इसके सरकारी स्कूलों में स्थित 103 केन्द्रों में लगभग 5000 बच्चे शिक्षा ग्रहण कर के उत्कृष्ट परिणाम ला रहे हैं।

देसी शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

कैथल। पुलिस ने अलग अलग 2 मामलों 3625 बोतल देसी शराब सहित 2 आरोपी काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी किठाना पुलिस के एएसआई दलबीर सिंह की टीम द्वारा एक गुप्त सूचना उपरांत नरवाना रोड़ किठाना से संदिग्ध डेरा किठाना निवासी संजय को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 25 बोतल देसी शराब बरामद हुई। दूसरे मामले में थाना राजोंद पुलिस के एएसआई भान सिंह की टीम द्वारा गांव किच्छाना के पास नाकाबंदी दौरान एक बोलेरो गाड़ी को रुकवाया गया, जो चालक की पहचान गांव हरसोला निवासी जोगिंद्र के रूप में हुई। जांच दौरान गाड़ी से 3600 बोतल देसी शराब बरामद हुई। जो गांव किच्छाना निर्धारित रूट से अलग हैं।

बिजली कर्मचारियों का धरना 12वें दिन में प्रवेश

सफीदों। हरियाणा स्टेट इलैक्ट्रिकल बोर्ड वर्कर यूनियन सफीदों यूनिट तालमेल कमेटी का बिजली बोर्ड कार्यालय में अपनी मांगों को लेकर दिया जा रहा धरना 12वें दिन में प्रवेश कर गया। 12वें दिन के धरने की अध्यक्षता रवि नरवाल व संचालनद जगबीर बुरा ने की। रवि नरवाल ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों पर चर्चा के लिए एसडीओ ने बुलाया था लेकिन कर्मचारियों की मांगों का कोई समाधान नहीं हुआ। उनका कहना था कि निगम के अधिकारियों के द्वारा कर्मचारियों की मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। टैक्नीकल कर्मचारियों से टैक्नीकल काम ना लेकर उन्हे अपने फायदे के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

बुजुर्गों व दिव्यांगजनों को मतदान में नहीं आने दी जाएगी कोई परेशानी : रजा

सलाम: वृद्धों तथा दिव्यांगों में मतदान का जज्बा

- जिले में 98 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग और 99 प्रतिशत दिव्यांगजन मतदाता पोलिंग बूथ पर जाकर ही करेंगे मतदान
- जिले में 85 वर्ष से अधिक आयु के 13688 तथा 5325 दिव्यांगजन करेंगे अपने मताधिकार का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोकसभा चुनाव में मतदान को लेकर जिला में बुजुर्ग और दिव्यांगजनों में खासा उत्साह बना हुआ है। हालांकि निर्वाचन आयोग ने 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा प्रदान की है लेकिन जिला में 85 वर्ष से अधिक के 13 हजार 688 मतदाताओं से में महज 227 बुजुर्गों ने चलने.फिरने में दिक्कत होने के चलते घर से मतदान करने के लिए आवेदन किया है। यही उत्साह दिव्यांग मतदाताओं में भी हैं। जिला में 40 प्रतिशत से अधिक 5325 दिव्यांगता वाले मतदाताओं में से केवल 62 दिव्यांगजन ही अपने घर से मतदान करने के लिए फार्म भरा है। इस प्रकार से जिला में 98 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग और करीब 99 प्रतिशत दिव्यांगजन मतदाता पोलिंग बूथ पर जाकर ही अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

उल्लेखनीय है कि जिला में 85 वर्ष आयु से अधिक के 13,688 बुजुर्ग मतदाता हैं। इनमें से 450 मतदाता ऐसे हैं जो सौ वर्ष से भी अधिक आयु के हैं। जिला में 5325 मतदाता ऐसे हैं, जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं। विधानसभा क्षेत्र के अनुसार आंकड़ों की बात करें तो जुलाना विधानसभा क्षेत्र में 85 वर्ष आयु से अधिक के 2274 मतदाता, सफीदों विधानसभा क्षेत्र में 2907, जींद विधानसभा क्षेत्र में 2164, उचाना विधानसभा क्षेत्र 3386 व नरवाना विधानसभा क्षेत्र में 2957 बुजुर्ग मतदाता हैं। उन्होंने बताया कि जिला में 5325 दिव्यांग मतदाता है। जुलाना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिव्यांग मतदाता 998, सफीदों विधानसभा क्षेत्र में 1060, जींद विधानसभा क्षेत्र में 746, उचाना विधानसभा क्षेत्र 1199 व नरवाना विधानसभा क्षेत्र में 1322 दिव्यांग मतादाता हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन में मतदान केंद्रों पर बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए हर जरूरी सुविधा प्रदान की जाएगी। जिसके जिला प्रशासन द्वारा प्रबंध किए गए हैं। बुजुर्ग और दिव्यांगजनों की मदद के लिए वालंटियर की ड्यूटी लगाई गई है ताकि मतदान केंद्र तक पहुंचने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। जिला प्रशासन द्वारा भी बुजुर्ग एवं दिव्यांगों के लिए पोलिंग बूथों पर ई-रिक्शा, रैंप, व्हीलचेयर व अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएगी ताकि उनको मतदान के दिन किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। सभी मतदान केंद्रों पर पीने के पानीए टॉयलेट, दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर, सहायता केंद्र, वोटर फेसिलिटेशन सेंटर और शेड की व्यवस्था की जाएगी।

बीर सिंह, कालवा

जैलो देवी, अहिरका

अभयराम, बोहतवाला

प्रेम देवी, इंदिरा कॉलोनी


हेमचंद भोला, अहिरका

मतदान को लेकर है जोश

गांव अहिरका निवासी दिव्यांग मतदाता हेमचंद भोला ने कहा कि वो हमेशा बूथ पर जाकर ही मतदान करता आया हूं। चुनाव लोकतंत्र का महापर्व होता है। ऐसे में मतदान करने जाते समय किसी प्रकार की परेशानी महसूस ही नहीं होती है। अबकी बार भी मैं अपने बूथ पर जाकर ही मतदान करूंगा। गांव बोहतवाला निवासी करीब 95 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता अभय राम ने कहा कि वे हमेशा अपने परिवार के साथ वोट डालने जाते हैं। चुनाव आयोग ने बुजुगोंर् के लिए घर से मतदान करने की अच्छी सुविधा प्रदान की है लेकिन अबकी बार भी वे अपने परिवार के साथ पोलिंग बूथ पर जाकर ही मतदान करेंगे। गांव कालवा निवासी करीब 98 वर्षीय बीर सिंह ने कहा कि मुझे अभी तक बाहर जाते समय किसी प्रकार की थकान महसूस नहीं होती। इस उम्र में भी जब मैं घर के छोटे-मोटे काम काज कर रहा हूं तो वोट डालने में परेशानी कैसी, इसलिए मैं घर की बजाय पोलिंग बूथ पर जाकर ही मतदान करूंगा। वोट डालना हमारा अधिकार है और मैं अपनी मन मर्जी से अपने वोट का प्रयोग करूंगा। कालवा गांव की 92 वर्षीय जैलो देवी ने कहा कि जब मैं स्वयं के सभी कार्य बड़ी आराम से कर सकती हैं। फिर वोट डालने मैं झिझक कैसी यह तो हमारा मौलिक अधिकार भी है। इसलिए मैं अपनी इच्छा अनुसार 25 मई को अपने बूथ पर जाकर मतदान करूंगी। इसी प्रकार 93 वर्षीय महासिंह ने भी कहा कि अब तक सुबह की सैर व सामाजिक कायारे से जुडे कार्य कर रहा है और चलने फिरने में भी कोई परेशानी नही होती तो मतदान तक पंहचने में दिक्कत कैसी। इसलिए में मतदान केन्द्र पर जाकर ही मतदान वाले दिन वोट डालकर आउंगा। जींद की इंदिरा कॉलोनी निवासी प्रेम देवी ने कहा कि चुनाव में वोट डालने का मौका पांच साल में एक बार आता है। मैं स्वयं तो अपने बूथ पर जाकर वोट डालूंगी ही साथ-साथ परिजनों व आसपास पड़ोस के लोगों को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करूंगी। पोलिंग बूथ पर जाकर वोट डालने का अपना अलग ही आनंद होता है।

जिले के 227 बुजुर्ग व 62 दिव्यांगजन मतदाताओं ने ही चुना है घर से मतदान करने का विकल्प

हालांकि भारत निर्वाचन चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग मतदाताओं व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा का विकल्प चुनने का अवसर दिया गया है। इन दोनों कैटेगरी के मतदाताओं को फॉर्म 12 डी भरना था। इसके लिए सभी बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र से दिव्यांगजन और बुजुर्ग मतदाताओं के पास पहुंचे और उनसे पोलिंग बूथ या घर से ही मतदान करने के बारे में पूछा लेकिन बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं में मतदान करने के प्रति उत्साह देखने को मिला। केवल लेकिन जिला में 85 वर्ष से अधिक के 13,688 मतदाताओं से में महज 227 बुजुगोंर् ने चलने-फिरने में दिक्कत होने की चलते घर से मतदान करने के लिए आवेदन किया है। यही उत्साह दिव्यांग मतदाताओं में भी हैं। जिला में 40 प्रतिशत से अधिक 5325 दिव्यांगता वाले मतदाताओं में से केवल 62 दिव्यांगजन ने ही अपने घर से मतदान करने के लिए फार्म भरा है। दोनों श्रेणियों के 289 मतदाताओं ने घर से मतदान का विकल्प चुना है। विधानसभा क्षेत्र अनुसार बात की जाए तो इनमें विधानसभा नरवाना में 39, विधानसभा उचाना 123, विधानसभा जींद 32, विधानसभा सफीदों 62, विधानसभा जुलाना 33 ऐसे 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग और व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु और 40 वर्ष से अधिक दिव्यांगजन के घर-घर जाकर उनको घर से ही मतदान करने की सुविधा के बारे में अवगत करवाया गयाए लेकिन यह बड़ी खुशी की बात है कि जिला में जिला में 85 वर्ष से अधिक आयु 98 प्रतिशत से अधिक बुजुर्ग मतदाताओं ने और करीब 99 प्रतिशत दिव्यांगजन मतदाताओं ने घर की बजाय पोलिंग बूथ पर जाकर ही अपने मताधिकार का प्रयोग करने की बात कही है। यह लोकतंत्र के महापर्व में सशक्त भागीदार होने का प्रमाण दर्शाता है। आमजन को भी चाहिए कि वे 25 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करें ताकि जिला का मतदान प्रतिशत अधिक से अधिक हो।.

सफीदों गोली कांड के मामले में दो आरोपित काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों शहर में मोबाइल की दुकान पर गोली चलाने के आरोप में दो आरोपितों को काबू किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव मुआना निवासी अजय व राहडा करनाल निवासी शीसन के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस पहले ही तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपितों को अदालत में पेश किया गया। जहां शीसन को अदालत ने जेल तथा अजय को दो दिन रिमांड पर पुलिस को सौंपा है।

जींद। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

यह है मामला

सफीदों नगर के महात्मा गांधी मार्ग पर स्थित वीएके 7 मोबाइल शॉप के मालिक दीपक कुमार ने बताया कि वह सोमवार को अपनी दुकान पर बैठा था। तभी बाइक सवार तीन युवक आए और फायर कर दिया लेकिन उनका निशाना चूक गया तो उन्होंने दोबारा से अपने हथियार से फायर करना चाहा। पर उनका हथियार लोड नहीं हो पाया। गोली की आवाज सुनकर काफी तादाद में राहगीर व दुकानदार एकत्रित हो गए। लोगों की भीड़ व अपने आप को नाकामयाब होते देख तीनों हमलावर इशारा करते हुए बस स्टैंड की तरफ फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने पर डीएसपी आशिष कुमार व सिटी थाना प्रभारी ईश्वर सिंह मौके पर पहुंचे। सीसी टीवी फूटेज को खंगाला। पुलिस ने दीपक की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने गांव साहनपुर निवासी कमल, गऊशाला रोड सफीदों निवासी सागर, गांव नगूरां निवासी राकेश उर्फ मिड्ढा को गिरफ्तार किया था। पुलिस पूछताछ में गांव मुआना निवासी अजय व राहडा करनाल निवासी शीसन का नाम उभर कर सामने आया। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

बच्चों ने नाटक के माध्यम से बुजुर्गों की दयनीय स्थिति को दर्शाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

आदर्श विद्यालय जाखौली में बच्चों ने नाटक के माध्यम से बुजुर्गों की दयनीय स्थिति को दशार्या। बच्चो में नाटक के माध्यम से बताया कि हमारा समाज तेजी से बदल रहा है और इसके साथ ही हमारे बुजुर्गों की स्थिति भी चिंताजनक होती जा रही है।

बच्चों के द्वारा किये गये नाटक से यह स्पष्ट हुआ है कि हमारे देश के कई घरों में वृद्धों की स्थिति अत्यंत दयनीय है तथा वृद्धों की दयनीय स्थिति में हम कुछ चीजों को सम्मिलित कर सकते हैं। जैसे बच्चों द्वारा अपने मां पिता से सभी घरेलू कार्य करवाना उन्हें मारना पीटना, घर से निकालने की धमकी देना इत्यादि। इस दौरान स्कूल प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया की हमें वृद्ध लोगो के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए तथा उनके साथ हंसकर मिलना और प्यार से बातें करनी चाहिए व वृद्ध लोगों की सेवा करना और उन्हें अच्छी चीजें खाने को देनी चाहिए। प्रधानाचार्य ने कार्यकर्म मे भाग लेने वाले बच्चो को उपहार देकर सम्मानित किया।

राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

किछाना के राजकीय उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव किछाना के राजकीय उच्च विद्यालय में सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के में गांव के सरपंच के अलावा गांव के गणमान्य लोगों व विद्यार्थियों के अभिभावको ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में दसवीं कक्षा के उन 10 मेधावी छात्र - छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की मैट्रिक परीक्षा में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए । इस दौरान गांव के सरपंच प्रतिनिधि सतपाल सिंह एमसी समिति के सदस्य और विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सम्मान समारोह कार्यक्रम के गांव किच्छाना व नीमवाला में ट्रैक्टर पर जागरूकता रैली निकाली गई।इस दौरान गांव के लोगों व सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने स्कूल के परीक्षा परिणाम सराहना की।

राजौंद। गांव किछाना के राजकीय स्कूल में सरपंच प्रतिनिधि व गांव के गणमान्य व्यक्ति विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

भागवत कथा को जो श्रवण करता है वह फिर कभी संसार के अंदर नहीं आता : कृष्णाचार्य

- कथा के समापन अवसर पर सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने छका प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

श्री रघुनाथ मंदिर फतेहपुर में पिछले एक सप्ताह से चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान का विश्राम हुआ। समापन अवसर पर भंडारे का सुंदर आयोजन हुआ, जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीमद् भागवत प्रवक्ता स्वामी कृष्णाचार्य जी ने बताया कि जो श्रीमद् भागवत कथा को श्रवण करता है वह फिर कभी संसार के अंदर नहीं आता एवं पितरों की मुक्ति के लिए इससे सरल उपाय और कोई नहीं है। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित को श्रृंगी षि का श्राप हो गया था कि आज से 7वें दिन तुझे तक्षक न डसेगा और तेरी मृत्यु हो जाएगी जब राजा परीक्षित को पता चला तो वह गंगा की किनारे जाकर के बैठ गया और श्री सुखदेव महाराज जी ने आकर के उनको यह कथा सुनाई। यह कथा देव दुर्लभ है जिसमें राजा परीक्षित को सुखदेव जी कथा सुनाने लगे तो देवता लोग अमृत कलश लेकर के आए और कहने लगे कि राजा परीक्षित को या अमृत पिला दो और कथा अमृत हमें दिला दो, लेकिन सुखदेव जी ने कहा यह तो व्यापारी है यह ले लो वह ले लो यह दे दो इस प्रकार व्यापार की बातें करते हैं, उन्हे अन अधिकारी जान करके और उनको कथा का दान नहीं दिया इसलिए यह कथा देव दुर्लभ है। कथा को सुनकर के राजा परीक्षित की मुक्ति हो गई और वह भगवान के धाम में चला गया।

पूंडरी। हवन-यज्ञ में श्रद्धालुओं से आहुति अर्पित करवाते स्वामी कृष्णाचार्य जी।

मौसम विभाग की एडवाइजरी, सतर्क रहने की दी सलाह

जींद। हरियाणा में शुष्क मौसम, तापमान में वृद्धि और लू की स्थित बनी हुई है। अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया है। दक्षिणी और पश्चिमी हरियाणा के कुछ इलाकों में तापमान 44.46 डिग्री के करीब है। मौसम विभाग के अनुसार अगले चार-पांच दिनों में आसमान साफ रहने के साथ-साथ मुख्यतः शुष्क मौसम रहने की संभावना भी बनी रहेगी। इन दिनों के दौरान दक्षिण हरियाणा में तापमान 44.46 डिग्री सेल्सियस बढ़ने की संभावना है जिसके कारण समूचे हरियाणा में हीट वेव की स्थिति बनेगी। जहां अलग-अलग हिस्सों में अधिकतम तापमान 46.47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों से अपील की है कि वे अपने आपको हाइड्रेट रखने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में पानी पिएं और अल्कोहल और कैफीन युक्त पेय पदार्थोंर् का सेवन बिल्कुल ना करें।

गर्भवती महिला से की मारपीट

कैथल। गांव करोडा में एक गर्भवती महिला से मारपीट का मामला सामने आया है। गांव करोड़ा निवासी पूनम ने पूंडरी थाना में शिकायत दी कि 14 मई को आरोपी राममेहर व उसकी पत्नी ने साझी दीवार को लेकर उसके साथ झगड़ा किया। वह दो महीने से गर्भवती थी। आरोपियों ने उसके पेट पर लात घूंसे मारे, जिससे उसका गर्भपात हो गया। जांच अधिकारी वीना ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हिट एंड रन में व्यक्ति की मृत्यु होने पर मिलेगा दो लाख का मुआवजा

जींद। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हिट.एंड.रन दुर्घटना संबंधित मामलों के निपटारे के लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस मामले में व्यक्ति की मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को हिट एंड रन दुर्घटना मुआवजा स्कीम 2022 के तहत दो लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिट एंड रन मोटर दुर्घटना योजना 2022 के तहत पीड़ित को मुआवजा के संबंध में जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में डीसी स्वयं क्लेम सेटलमेंट कमिश्नरए संबंधित एसडीएम क्लेम जांच अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, सिविल सर्जन, आरटीए तथा सामाजिक कार्यकर्ता सुनील वशिष्ठ कमेटी के सदस्य हैं व ओरियंटल इंश्योरेंसएएलआईसी बिल्डिंग अंबाला कैंट के सहायक मैनेजनर दिनेश कुमार को सदस्य सचिव बनाया गया है। कमेटी नियमानुसार बैठक व आवश्यक कार्यवाही करेगी। उन्होंने बताया कि मुआवजा राशि के लिए पीड़ित परिवार को मृतक व्यक्ति की पोस्टमार्टम रिपोर्ट संबंधित एसडीएम कार्यालय में जमा करवानी होगी।

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम को कुलपति डा. रणपाल सिंह संबोधित कर रहे थे तो अचानक उनकी कोहनी लेपटॉप के एक बटन पर लग गई और एक पार्टी का वीडियो चल पड़ा। इसे तुरंत ही संभाल लिया गया और बंद कर दिया गया। इसके बावजूद कुलपति ने जांच टीम का गठन करके पता लगाने के निर्देश दिए हैं कि इस तरह कैसे चुनाव आचार संहिता के दौरान वीडियो चल सकती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

ट्रेनिंग की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में शुरू की गई

अध्यापकों की चार दिवसीय एफएलएन ट्रेनिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बलबीर सिंह कश्यप बी ई ओ एवं खंड संसाधन संयोजक राजौंद की अध्यक्षता में अध्यापकों की चार दिवसीय एफएलएन ट्रेनिंग का आयोजन।

मौलिक शिक्षा विभाग हरियाणा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी और जिला एफ एल एन कोऑर्डिनेटर के दिशानिर्देश और मार्गदर्शन में ट्रेनिंग की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में शुरू की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की ट्रेनिंग के कुल 6 बैच बनाए गए है। जिसमें खंड के कुल 227 टीचर्स और मुख्य शिक्षक भाग ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि ट्रेनिंग का मुख्य उद्देश्य सभी शिक्षकों को मौजूदा समय अनुसार प्रयोग में आने वाली नई विधाओं,नई नई शिक्षण पद्धति, नए इनोवेटिव विचारों,नए नए गुर सिखाना है ताकि वे अपनी अपनी क्लास के बच्चों के मानसिक स्तर अनुसार हिंदी,अंग्रेजी, गणित में क्लास वाइज कंपटेंसी के आधार पर निपुण बना सकें और उनके बौद्धिक क्षमता में वृद्धि कर सकें।

सभी बच्चे अपनी मौजूदा क्लास में ही वह सब कुछ सीखकर जाए जिनकी उनको जरूरत है ताकि आगे की क्लास में जाकर उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। बीईओ ने बताया कि इसके लिए दो सेंटर खंड संसाधन संयोजक राजौंद में बनाए गए हैं। ट्रेनिंग उपरांत सभी प्रतिभागियों को पार्टिसिपेशन सर्टिफिकेट भी दिए जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस बार विभाग की तरफ से यह एक नया एंव सराहनीय प्रयास किया गया है। सभी मास्टर ट्रेनर्स के लिए भी निपुण हरियाणा के बैनर के साथ टी शर्ट भी दिए गए है।

सभी प्रतिभागियों के लिए दो समय की चाय और लंच की भी व्यवस्था की गई है। इस ट्रेनिंग के लिए अशोक कुमार बीआरपी को खंड राजौंद का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसकी देख रेख में यह ट्रेनिंग आयोजित की जा रही है। इनके साथ साथ कुलदीप सिंह, दीपिका, सुनीता, पवन, संदीप, सुनील, रेनू सभी मास्टर ट्रेनर्स के रूप में कार्य कर रहे है।

राजौंद। प्रशिक्षण शिविर के दौरान मौजूद ब्लॉक के सभी टीचर व संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी। फोटो : हरिभूमि